बरेली, गुरुवार
20 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 10+4=22

दैनिक जागरण
inext



# 'एक इंस्पेक्टर से मुलाकात' नाटक ने दर्शकों के दिलों को झकझोरा

**संभागीय नाट्य समारोह में उप्र संगीत नाटक अकादमी और रिद्धिमा की प्रस्तुति**

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (19 Feb):** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ और एसआरएमएस रिद्धिमा के संयुक्त तत्वावधान में बरेली में पहली बार आयोजित हो रहे संभागीय नाट्य समारोह के दूसरे दिन बुधवार को इमेन्स आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी लखनऊ की ओर से नाटक एक इंस्पेक्टर से मुलाकात का मंचन किया गया. जेबी प्रीस्टले लिखित और सुदीप चक्रवर्ती निर्देशित इस नाटक का रूपांतरण सुरेंद्र शर्मा और प्रतिभा शर्मा ने किया. रहस्य और रोमांचक से भरे इस नाटक में मानवीय सहज संबंधों, मूल्यों आधुनिकता के दबाव से पैदा हुई घुटन को उठाया गया. उच्च वर्ग की जीवन शैली पर केंद्रित इस नाटक ने इस वर्ग की कई खोखली परतों को परत दर परत उधेड़ा. जाने अनजाने अपराध की मानसिकता और उसकी परिणति के रूप में अपराध बोध के ग्रस्त इस नाटक में शहर के नामी उद्योगपति मिस्टर खन्ना के परिवार को केंद्र बिंदु बनाया गया.



लैंप लाइटिंग से हुई कार्यक्रम की शुरुआत.

## रहस्य हुए उजागर

जिसमें मिस्टर खन्ना की बेटी और शहर के दूसरे बड़े उद्योगपति मिस्टर कपूर के लड़के की सगाई हो रही है. अपने घर में छोटी सी पार्टी का इंतजाम है. घर के सभी सदस्य पार्टी का लुत्फ उठा रहे हैं. सभी दांपत्य जीवन में बंधने को तैयार युगल को बधाई और शुभकामनाएं दे रहे है. पार्टी पूरी तरह से अपने जोश में है, तभी एक पुलिस इंस्पेक्टर घर में प्रवेश करता है जो एक लड़की के सुसाइड मामले में उन सब से पूछ-ताछ करने आया है. उसके आने से जश्न का सारा आनंद डर और संदेह में बदल जाता है. यहीं से नाटक के हर पात्र की परतें उधड़ती है और नए नए रहस्य उजागर होते है.

## ये भी रहे मौजूद

इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्टी आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, मुख्य अतिथि बरेली आकाशवाणी और दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख डॉ. विनय वर्मा, उप्र संगीत नाटक अकादमी की ड्रामा डायरेक्टर शैलजा कांत, आचार्य देवेन्द्र देव, हिमांशु श्रोतीय, डॉ. रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. शैलेन्द्र सक्सेना, डॉ. रीटा शर्मा, संयोजक पप्पू वर्मा, संजय मठ और शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे.